शांतला सिल्क, बेंगलूर से देरी से माल प्राप्त होने पर एक शिकायती पत्र लिखें।

नूतन वस्त्र भंडार
(सिल्क व साड़ियों के विक्रेता)

3/41, महात्मा गांधी रोड
बेंगलूर 560 001

क्रमांक : 29/24/….. **दिनांक : ../../….**

सेवा में

प्रबंधक
शांतला सिल्क
गांधी नगर, बेंगलूर

महोदय,

विषय : देरी से माल प्राप्त होने पर शिकायती पत्र।

हमने गत ../../….को साड़ियों और रेशमी वस्त्रों का आदेश भिजवाया था और अनुरोध किया था कि माल एक माह के भीतर हमें भिजवा दें। परंतु खेद के साथ लिखना पड़ रहा है कि हमारे आदेश का माल हमें समय पर प्राप्त नहीं हुआ। इस देरी से हमें अत्यधिक हानि उठानी पड़ी है।

आशा है कि भविष्य में इस प्रकार की शिकायत का मौका नहीं देंगे।

सधन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग.
प्रबंधक
कृते नूतन वस्त्र भंडार